हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 19 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 राष्ट्रध्वज की स्थापना होगी, बनेगा अग्रसेन...



07 मकरोनिया भविष्य की जरूरतों के हिसाब से...



खबर संक्षेप

9वीं-11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 30 तक

विदिशा। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में लेटरल एंट्री से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 10 अप्रैल 2027 को आयोजित होगी। कक्षा 9वीं में रिक्त सीटों तथा कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम के बाद कक्षा 11वीं में रिक्त होने वाली सीटों के लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। वर्तमान सत्र में कक्षा 8वीं और 10वीं में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थी 30 सितंबर तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं।

गर्ल्स कॉलेज में लगी मॉडलों की प्रदर्शनी

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की एम.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने रोजगारपरक मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई। इसमें डिपार्टमेंटल स्टोर, कॉलेज कैंटीन, बीमा, ई-लाइब्रेरी, व्यवसाय चक्र, ई-वेस्ट रीसायकल, भारतीय स्टेट बैंक और वैलनेस सेंटर के मॉडल शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर छात्राओं से मॉडलों से संबंधित प्रश्न पूछे। विभागाध्यक्ष डॉ. एनपी अरोरा के मार्गदर्शन में शिक्षकों के सहयोग से मॉडल तैयार किए गए।

हाईवे किनारे दुकानें बनाकर बढ़ाएंगे आय

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सांकलखेड़ा खुर्द और सातपाड़ा सराय का भ्रमण किया। उन्होंने स्टेट हाईवे किनारे पंचायत की उपलब्ध भूमि पर व्यवस्थित दुकानें विकसित करने की पहल के निर्देश दिए। इन दुकानों को स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इससे युवाओं को गांव में ही व्यवसाय का अवसर मिलने के साथ पंचायत की आय भी बढ़ेगी। कलेक्टर ने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को भूमि, स्थान, संभावित आय का परीक्षण कर कार्ययोजना बनाने को कहा।

कर्मों से नहीं, परिणाम बिगड़ने से डरना चाहिए

विदिशा। शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर किले अंदर में चल रहे दशलक्षण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म मनाया गया। मुंबई से आए पं. संयम शास्त्री ने समयसार ग्रंथ के स्वाध्याय में कहा कि जीव हर कार्य में सुख चाहता है, लेकिन बाहर सुख तलाशने के कारण उसे शांति नहीं मिलती। परिस्थिति पर हमारा नियंत्रण नहीं, लेकिन परिणाम पर नियंत्रण है। प्रवक्ता डॉ. मक्खन लाल जैन ने बताया कि प्रतिदिन संगीतमय भक्ति कार्यक्रम हो रहे हैं।

80 शिक्षकों ने सीखा एआई का उपयोग

शमशाबाद। विकासखंड नटेरन के अंतर्गत शमशाबाद में शिक्षकों को एआई और तकनीकी संसाधनों के उपयोग की जानकारी देने विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार के निर्देशन में पीएमश्री बालक एवं पीएमश्री बालिका संकुल में दो चरणों में प्रशिक्षण हुआ। दोनों चरणों में 40-40 शिक्षक शामिल हुए। पिरामल फाउंडेशन के एआई एंबेसडर सोमनाथ विश्वकर्मा ने एआई के उपयोग बताए।

खेजड़ा सुल्तान में जनविश्वास अभियान

खामखेड़ा। ग्राम पंचायत खेजड़ा सुल्तान के खेजड़ा सुल्तान, बल्लाखेड़ी और दल्लाखेड़ी में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान आयोजित किया गया। टीम ने आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं और लंबित प्रकरण सुने गए तथा निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

एकजुट हुए व्यापारी: यूपीआई और नापतौल फीस बढ़ोतरी का विदिशा में विरोध किया

व्यापार महासंघ ने सरकार से प्रस्ताव वापस लेने की मांग उठाई, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

व्यापार महासंघ ने यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित शुल्क, नापतौल उपकरणों की फीस और जुर्माने में बढ़ोतरी के साथ सोने-चांदी की हॉलमार्किंग फीस का विरोध किया है। शुक्रवार को महासंघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने कलेक्टर को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने इन प्रस्तावित शुल्क और फीस बढ़ोतरी पर फिर से विचार करने की मांग की।

महासंघ ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर विचार नहीं हुआ, तो वे जन-जागरूकता अभियान के साथ बड़ा आंदोलन करेंगे। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि व्यापारी पहले से ही कई तरह के टैक्स और आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। ऐसे में डिजिटल भुगतान, नापतौल और हॉलमार्किंग से जुड़े ये अतिरिक्त शुल्क उनकी परेशानी और बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि महासंघ ने तीन मुख्य मुद्दों पर ज्ञापन दिया है। व्यापारियों ने नापतौल की सालाना फीस 500 से 5 हजार रुपए करने के प्रस्ताव का भी विरोध किया है।

बढ़ोतरी अव्यावहारिक

व्यापार महासंघ ने नापतौल विभाग से जुड़े शुल्क और जुर्माने में प्रस्तावित बढ़ोतरी को भी अव्यवहारिक बताया। राजेश जैन के अनुसार दुकानों में इस्तेमाल होने वाले कांटा-बांट आदि उपकरणों की सालाना फीस पहले करीब 500 रुपए थी, जिसे बढ़ाकर 5 हजार रुपए करने का प्रस्ताव है। महासंघ का दावा है कि नापतौल उपकरण में किसी तरह की अनियमितता या सील संबंधी कमी पाए जाने पर पहले करीब 2500 रुपए का जुर्माना था, जिसे बढ़ाकर एक लाख रुपए तक करने का प्रस्ताव है। जैन ने कहा कि जुर्माने में इतनी बड़ी बढ़ोतरी व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि शुल्क और जुर्माने में वृद्धि के बजाय इन्हें तर्कसंगत रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन व्यापार और मॉल कल्चर के कारण पारंपरिक व्यापार पहले से प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। ऐसे में नए-नए शुल्क लगाने से व्यापारियों की लागत बढ़ेगी। अतिरिक्त शुल्कों पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। महासंघ ने सरकार से तीनों मुद्दों पर पुनर्विचार कर राहत देने की मांग की है। व्यापार महासंघ के महामंत्री नरेंद्र सोनी, अनाज तिलहन उत्थान कल्याण संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी, निरुपम सिंह परमार, वैभव सर्राफ, विश्वनाथ अग्रवाल, चेतन बलेचा, संजय चौधरी, राजेश सराफ, रिंकू जैन, दिनेश त्रिपाठी, मोहर सिंह रघुवंशी, अनुज जैन अमित जैन समर्थ, अनिल नेमाजी, जुगल किशोर सोनी, राजीव जैन गट्टू, संजीव भंडारी, अनिल, मौसम बलेचा, राजेश सोनी खुर्वाल हिमांशु गोयल, कपिल मतानी आदि मौजूद रहे।

शुल्क और फीस बढ़ोतरी पर फिर से विचार किया जाए



हॉलमार्किंग फीस को लेकर भी आपत्ति जताई: सोने-चांदी की हॉलमार्किंग फीस को लेकर भी महासंघ ने आपत्ति जताई। व्यापारियों का कहना है कि हॉलमार्किंग शुल्क लगातार बढ़ाया गया है। महासंघ का कहना है कि इसका असर केवल सराफा व्यापारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अंततः उपभोक्ताओं पर भी लागत का असर पड़ सकता है। हालांकि बीआईएस की मौजूदा सार्वजनिक जानकारी में सोने की हॉलमार्किंग फीस 45 रुपए प्रति आर्टिकल और चांदी की 35 रुपए प्रति आर्टिकल दर्ज है। इसलिए 75 रुपए की राशि किस नए प्रस्ताव व शुल्क के संदर्भ में है, इसकी आधिकारिक अधिसूचना से पुष्टि जरूरी है। महासंघ के संयुक्त मंत्री विवेक शर्मा ने कहा कि विदिशा के 36 व्यापारिक संगठनों के नेतृत्व में व्यापारी इन मुद्दों को लेकर एकजुट हुए हैं।

बोले: छोटे व्यापारियों और ग्राहकों पर असर पड़ेगा

महासंघ ने यूपीआई से 2 हजार रुपए से ज्यादा के लेनदेन पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत शुल्क का विरोध किया है। राजेश जैन ने बताया कि आज छोटे व्यापार में भी 2 से 3 हजार रुपए के बिल आम बात हैं। कई बार सामान्य किराना सामान की खरीदी का बिल भी 2 हजार रुपए से ऊपर पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया था और व्यापारियों ने इसे अपनाया। अब अगर इस पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाता है, तो इसका असर छोटे व्यापारियों और ग्राहकों पर पड़ेगा। महासंघ ने मांग की कि प्रस्तावित शुल्क को वापस लिया जाए या इसमें बदलाव किया जाए।

नशे के सौदागरों पर शिकंजा, 5 पर गैर इरादतन हत्या का केस

कोतवाली पुलिस ने नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने वाले 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

विदिशा। नशीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत के मामले में कोतवाली पुलिस ने मर्ग जांच के बाद 5 आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने इनमें से 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर एएसपी मोनिका तिवारी और सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। 14 सितंबर को काछी कुआं निवासी गोलू रैकवार (22) की मौत के बाद मर्ग जांच शुरू हुई थी। पुलिस ने परिजनों, दोस्तों और साक्षियों के बयान लिए। जांच में सामने आया कि गोलू नशीले पदार्थों का सेवन करता था और क्षेत्र में कुछ लोगों से नशीला पदार्थ प्राप्त करता था। परिजनों और मोहल्ले के लोगों द्वारा रोकने के प्रयास के बावजूद आरोपियों द्वारा नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने की बात सामने आई। पुलिस ने 17 सितंबर को सौरभ राठौर, नीरज उर्फ बच्चा अहिरवार, हेमलता अहिरवार और खत्तु उर्फ रवि अहिरवार को गिरफ्तार किया गया। अन्य संभावित संलिप्त लोगों की भूमिका की जांच जारी है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने से किसी की मौत होने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर में नशीले पदार्थों से मौतों के कई मामले सामने आ चुके हैं।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पूछे भौतिकी के सवाल, सही जवाब पर छात्रा को मिला पेन

सतपाड़ा सराय के पीएम शासकीय स्कूल में कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण, पढ़ाई और साइबर सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने शुक्रवार को ग्राम सतपाड़ा सराय के पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने कक्षा 11वीं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और शैक्षणिक व्यवस्थाओं व अध्ययन-अध्यापन की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से भौतिक शास्त्र से जुड़े सवाल पूछकर उनकी विषयगत समझ परखी। उन्होंने हाइजेनबर्ग के अनिश्चितता सिद्धांत के बारे में भी प्रश्न किया। कक्षा 11वीं बायो विषय की छात्रा अनुष्का धाकड़ ने सिद्धांत की परिभाषा का सही और स्पष्ट उत्तर दिया। कलेक्टर ने छात्रा की सराहना करते हुए प्रोत्साहन स्वरूप उसे पेन भेंट किया। एसपी रोहित काशवानी ने विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए।



विदिशा। छात्रों से चर्चा करते हुए कलेक्टर और एसपी।

45 मिनट की बारिश में नवनिर्मित प्लेटफॉर्म पर भरा पानी, परेशान होते रहे सैकड़ों यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात हुई तेज बारिश के दौरान नवनिर्मित रेलवे स्टेशन की छत से पानी टपकने लगा। प्लेटफार्म के टीन शेड से जगह-जगह पानी गिरने लगा और स्टेशन परिसर में पानी बहता रहा। बारिश से बचने के लिए यात्रियों को छत के नीचे रुकना भी मुश्किल हो गया।

यात्रियों का कहना है कि नई इमारत में बारिश के दौरान इस तरह पानी गिरना चिंता का विषय है। उनका कहना है कि संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य और पानी निकासी की व्यवस्था की जांच कराकर जरूरी सुधार करना चाहिए।



विदिशा। दोपहर में अचानक से हुई बारिश से सड़कें फिर हुईं तरबतर।

तीन दिन बाद अचानक बदला मौसम: विदिशा में पिछले तीन दिनों से बारिश रुकी हुई थी। दिन में तेज धूप निकलने से तापमान बढ़ गया था और लोगों को दोबारा गर्मी महसूस होने लगी थी। गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे अचानक मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। करीब 45 मिनट तक हुई बारिश से सड़कों पर पानी बहने लगा और कई जगह जलभराव की स्थिति बनी।

26 मिमी बारिश, जिले में अब तक 790.5 मिमी

18 सितंबर को विदिशा तहसील में 26 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही 1 जनवरी 2026 से अब तक जिले में औसत 790.5 मिमी बारिश हो चुकी है। जिले की सामान्य औसत बारिश 1075 मिमी है। इस हिसाब से अब तक सामान्य से करीब 284.5 मिमी कम बारिश दर्ज हुई है। लटेरी में सबसे ज्यादा 1005.8 मिमी, बासोदा में 925.4 मिमी, पठारी में 899.6 मिमी, नटेरन में 809 मिमी, ग्यारसपुर में 778 मिमी, विदिशा में 748 मिमी, शमशाबाद में 735 मिमी, सिरोंज में 714 मिमी, कुरवाई में 711 मिमी और गुलाबगंज में सबसे कम 579 मिमी बारिश दर्ज हुई है।

धान में फुदका, लीफ फोल्डर और तना छेदक का प्रकोप

वैज्ञानिकों ने दिए नियंत्रण के सुझाव: वामनखेड़ा और हिरनोदा में खेतों का निरीक्षण, रोगग्रस्तता कम मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कृषि वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार सिंह और डॉ. विनोद कुमार गर्ग ने शुक्रवार को कृषि विभाग के जिला सलाहकार डॉ. डीके तिवारी के साथ विदिशा विकासखंड के वामनखेड़ा और हिरनोदा गांव में धान फसल का निरीक्षण किया। वैज्ञानिकों ने किसानों सुरेश दुबे, कैलाश नारायण दुबे, रामकृष्ण दुबे, राजेश अहिरवार, दिनेश शर्मा, मोहनलाल और भूपेंद्र सिंह के खेतों का जायजा लिया। खेतों में अधिकांश फसल पीबी-1 किस्म की मिली।

कहीं-कहीं फुदका, लीफ फोल्डर और तना छेदक कीट का प्रकोप पाया गया। पीबी-1886 किस्म में बैक्टीरियल ब्लाइट और बकाने रोग के लक्षण भी मिले, हालांकि रोगग्रस्तता कम थी। वैज्ञानिकों ने लीफ फोल्डर के लिए प्रोफेनोफॉस, तना छेदक के लिए क्लोरेंट्रानिलिप्रोएल तथा बैक्टीरियल ब्लाइट के लिए स्ट्रेप्टोसाइक्लिन या प्लांटोमाइसिन के छिड़काव की सलाह दी। फसल की बेहतर वृद्धि के लिए एनपीके 0:52:34 के छिड़काव का सुझाव भी दिया।

फार्मासिस्ट खाना खाने गए थे.... इसलिए अदिति मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 3 दिन के लिए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हरिपुरा स्थित मेसर्स अदिति मेडिकल स्टोर का लाइसेंस तीन दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। औषधि निरीक्षक ने 24 अगस्त को हनुमान मंदिर के सामने स्थित मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया था। इस दौरान पंजीकृत फार्मासिस्ट अमित कुमार जैन दुकान पर मौजूद नहीं मिले। इस पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मेडिकल संचालक ने जवाब में बताया कि निरीक्षण के समय फार्मासिस्ट भोजन के लिए घर गए थे। विभाग ने स्पष्टीकरण को संतोषजनक नहीं माना निलंबन अवधि में दुकान से दवाओं का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकेगा। साथ ही दुकान बंद रखने और भविष्य में नियमों की पुनरावृत्ति नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। दिलचस्प बात है कि शहर में कई ऐसी दवा दुकानें मिल जाएंगी जो सिर्फ कर्मचारियों के भरोसे ही संचालित हो रही हैं। कम पड़े लिखे कर्मचारी दवाएं दे रहे हैं। इसके बाद भी इन पर कार्रवाई नहीं होती।

20 को उर्दू शायरी में सामाजिक समरसता विषय पर होगा विमर्श

स्व. जगदीश श्रीवास्तव के साहित्यिक अवदान पर भी होगी चर्चा, अंचल के शायर प्रस्तुत करेंगे रचनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जिला अदब गोशा, विदिशा की ओर से 'सिलसिला व तलाश-ए-जौहर' के तहत व्याख्यान और रचना-पाठ का आयोजन 20 सितंबर को दोपहर 1 बजे चित्रगुप्त मंदिर सभागृह, शेरपुरा रेलवे प्लेटफार्म नंबर 4 के पास किया जाएगा।

मप्र उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि आयोजन के माध्यम से विदिशा और आसपास के अंचलों के साहित्यकारों व शायरों को अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत करने का मंच मिलेगा। साथ ही उर्दू साहित्य के सामाजिक सरोकारों पर संवाद होगा। जिला समन्वयक संतोष शर्मा सागर ने बताया कि कार्यक्रम में विदिशा अंचल के प्रख्यात गीतकार एवं गजलकार स्व. जगदीश श्रीवास्तव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर भी विमर्श होगा। विशिष्ट वक्ता निसार मालवी 'उर्दू शेरो-अदब में सामाजिक समरसता' तथा 'स्व. जगदीश श्रीवास्तव का व्यक्तित्व एवं कृतित्व' विषय पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम में कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, बासौदा और विदिशा के शायर व रचनाकार रचना-पाठ करेंगे।

दस्तावेज अपडेट कराने, आयुष्मान और फार्मर आईडी बनवाने पर दिया जोर

गांव जाकर अफसरों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत विदिशा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पीपलखेड़ा में जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना, जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी भी मौजूद रहे। विधायक मीना ने कहा कि सरकार विकास कार्यों के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी ध्यान दे रही है। अभियान के तहत प्रशासन गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहा है और आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान गांव में ही करना है। उन्होंने 15 से 30 वर्ष के युवाओं से आधार में बायोमेट्रिक अपडेट और समग्र आईडी संबंधी कार्य पूरे कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी दस्तावेजों में नाम एक समान दर्ज होना चाहिए। बच्चों के जन्म के बाद जल्द जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की सलाह भी दी। कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों के साथ पात्र लोगों से आयुष्मान कार्ड बनवाने और किसानों से फार्मर आईडी तैयार कराने को कहा। किसान व पशुपालक केसीसी भी बनवाएं। अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल और आंगनबाड़ी भेजने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य शिविर लगा, जिसमें ग्रामीणों की जांच कर निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसडीएम मनीष जैन, तहसीलदार सौरभ मालवीय सहित अधिकारी मौजूद रहे।



बासौदा मंडी भाव

मटर
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2910
सरसों
न्यूनतम भाव-4410
उच्चतम भाव-7680
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-9000
गेंहू
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-5301
मक्का
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-1900
धान
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3770
तुअर
न्यूनतम भाव-5380
उच्चतम भाव-5380
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6050
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6435
जौ
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2200
उड़द
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-6700
बटरी
न्यूनतम भाव-1861
उच्चतम भाव-4340
मूंग
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-7330
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3399

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 10560 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

पोल शिफ्टिंग के चलते बिजली रहेगी बंद



गंज बासौदा। विद्युत कंपनी प्रबंधन ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि शनिवार को बासौदा उपकेंद्र से संचालित 11 केव्ही त्योंदा रोड सिटी फीडर की विद्युत आपूर्ति पोल शिफ्टिंग कार्य के लिए सुबह 10 बजे से 11:30 तक के लिये बंद रखी जाएगी। जिससे गीता टॉकीज, नई बस्ती, रविदास कॉलोनी ,नानाजी वाली गली, मछली मार्केट, पोस्ट ऑफिस, ओल्ड बस स्टैंड, हॉस्पिटल ,न्यू नगरपालिका, बूढ़ापुरा, सदर बाजार, हनुमान चौक, सावरकर चौक, नवांकुर स्कूल वाली गली, चांदसी हॉस्पिटल क्षेत्र प्रभावित रहेगा। कार्य के दौरान समय को घटाया बढ़ाया भी जा सकता है।

हल्की बारिश से तरबतर हुई सड़कें...



गंजबासौदा। शुक्रवार को नगर में दिन भर हल्की बारिश का दौर चलता रहा। ऐसे में हल्की बारिश की बीच अपने बच्चों को स्कूल से घर ले जाते समय बारिश से बचने छाता का सहारा लेकर स्कूटी से जाती एक मां। फोटो राजा छारी।

श्रम दिवस के रूप में मनाई भगवान विश्वकर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



भारतीय मजदूर संघ जिला विदिशा के तत्वाधान में नई गल्ला मंडी गंजबासौदा में राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के सभी महासंघों, तुलावट, हम्माल एवं इलेक्ट्रीशियन संघ के प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवपाल सिंह ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के निर्माता एवं श्रमिक जगत के आराध्य देव हैं। श्रम की प्रतिष्ठा और शिल्प के सम्मान के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रहित में श्रमिकों के कल्याण के लिए सदैव कार्य कर रहा है। विशेष अतिथि विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा देवताओं के शिल्पी थे, उन्हें शिल्प ज्ञान का आचार्य कहा जाता है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन से व्यापार में वृद्धि एवं कार्य में कुशलता आती है। उन्होंने 17 सितंबर को राष्ट्रीय श्रमिक दिवस घोषित करने की मांग का समर्थन किया। विशिष्ट अतिथि अमरीश सिंह भोपाल एवं लक्ष्मण सिंह जाट प्रदेश संयोजक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हम्माल संघ अध्यक्ष भारत सिंह अहिरवार ने की एवं मंच का संचालन तुलावर संघ के महामंत्री कमलेश साहू ने किया। इस अवसर पर तुलावट संघ, हम्माल संघ एवं इलेक्ट्रीशियन संघ के श्रमिकों का सम्मान भी किया गया। अंत में तुलावट संघ अध्यक्ष विनोद अहिरवार ने आभार व्यक्त किया।

नपा परिषद के सम्मेलन में पल्टूराम शोरूम की निर्माण अनुमति अटकी

राष्ट्रध्वज की स्थापना होगी, बनेगा अग्रसेन चौराहा,दशरथ मांझी मार्ग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन आयोजित किया गया। विधायक हरिसिंह रघुवंशी की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस सम्मेलन में महाराज अग्रसेन चौराहा नामकरण, वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की प्रतिमा स्थापित करने सहित 14 मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें पारासरी नदी किनारे बने एक भवन की अनुमति बहाल करने के मामले में न्यायालय के आदेश और नगर पालिका के अधिवक्ता से मार्गदर्शन लेने का अनुमोदन किया गया। जबकि शेष प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

यहां उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को दोपहर 1 बजे नगर पालिका कार्यालय में परिषद का साधारण सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें विशेष रूप से विधायक हरिसिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में वार्ड क्रमांक 3 और 19 के पार्षद अनुपस्थित रहे। जबकि शेष पार्षदों ने सभी मुद्दों पर अपनी बात रखी। जिसमें बनवा पर सब्जी विक्रेताओं की दुकान निर्माण, गीता भवन भूमि परिवर्तन, पुरानी नगरपालिका भूमि पर दुकान निर्माण, नवीन बसस्टैंड पुनः निर्माण, तिरंगा चौक पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा की स्थापना, वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की प्रतिमा स्थापना, दशरथ मांझी पर्वत पुरुष के नाम से मुख्य मार्ग का नामकरण, वार्ड क्रमांक 12 के चौराहे का नाम महाराजा अग्रसेन चौक करने, बाजार हाट वसूली ठेके पर दी जाने , डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पर आय-व्यय पर चर्चा, पुरानी लाईन से जलकर डिमांड स्थगन, अनाधिकृत कालोनियों पर विकास शुल्क निर्धारण आदि मुद्दों को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

मार्गदर्शन लेकर अधिकारी करेंगे निर्णय



गंजबासौदा। नपा के साधारण सम्मेलन को लेकर नागरिकों में एक मुद्दे पर खासी रूचि थी। इस सम्मेलन में पूर्व से विवादित शशिकांता पत्नी विष्णुकुमार जैन के पारासरी नदी किनारे बने पं पल्टूराम शोरूम की निर्माण अनुमति बहाल करने का प्रस्ताव भी रखा गया था। इस प्रस्ताव पर सहमति और असहमति से भरे पक्ष विपक्ष के पार्षदों ने अपना अपना पक्ष रखा। बाद में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि इस निर्माण अनुमति को पूर्व में अधिकारी द्वारा निलंबित किया जा चुका है। इसलिए इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश और नगर पालिका के अधिवक्ता का मार्गदर्शन लिया जाए। इसके आधार पर ही वरिष्ठ अधिकारी, नपा सीएमओ और इंजीनियर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। इस तरह भवन निर्माण की अनुमति इस सम्मेलन में बहाल नहीं की जा सकी।

युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देने युवा सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

युवाओं की ऊर्जा और सामर्थ्य को समाज एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा देने के उद्देश्य से शनिवार को नीलकंठेश्वर महादेव की नगरी उदयपुर में 'युवानाद' युवा सम्मेलन का आयोजन होगा। दोपहर 12 से 3 बजे तक मंदिर परिसर में होने वाले सम्मेलन में युवाओं को नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन और सशक्त युवा-सशक्त भारत का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनमें ऊर्जा, उत्साह और कुछ नया करने का सामर्थ्य होता है। इसी युवा शक्ति को सकारात्मक और रचनात्मक दिशा देने के उद्देश्य से 'युवानाद' का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। सम्मेलन में नशामुक्ति अभियान को प्रमुख विषय के रूप में रखा गया है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण, परिवारों में संस्कार एवं संवाद बढ़ाने और युवाओं को राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी से जोड़ने पर भी चर्चा होगी। आयोजकों का कहना है कि युवा शक्ति यदि सही दिशा में संगठित होकर आगे बढ़े तो सामाजिक बदलाव का मजबूत आधार बन सकती है। सामूहिक संकल्प का आह्वान 'युवानाद' के माध्यम से युवाओं से नशे से दूर रहने, पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने, परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने तथा सशक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया जाएगा। आयोजन को लेकर युवाओं में उत्साह है। आयोजकों ने अधिक से अधिक युवाओं से सम्मेलन में पहुंचकर सामूहिक संकल्प का हिस्सा बनने की अपील की है।

नारायण शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की विदिशा जिला इकाई में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। प्राथमिक विद्यालय उदयपुर में पदस्थ सहायक शिक्षक नारायण सिंह रघुवंशी को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्वाचन अधिकारी देवी दयाल भारती ने जिला इकाई के पदाधिकारियों के निर्वाचन की घोषणा की। कार्यकारिणी में कुलदीप भारती सचिव और अनिल कुमार मिश्रा कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष पद पर भगवती रघुवंशी, कमल सिंह रघुवंशी, सुनीता ठाकुर, कमल सिंह परिहार, रामबाबू यादव और सोदान सिंह रघुवंशी को जिम्मेदारी दी गई है। उप सचिव पद पर नरेन्द्र अधिकारी, अर्चना त्रिपाठी, अजब सिंह ठाकुर, हेमराज रघुवंशी, मनीष कुमार श्रीवास्तव और बलभद्र सिंह मैना का निर्वाचन हुआ है। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में अशोक सेन, नीरज चतुर्वेदी, मंगलराम रजक, रामकिशन मालवीय, शम्भूसिंह अधिकारी, वीरेंद्र कुमार मीणा और देवेंद्र कुमार नामदेव शामिल हैं। नारायण सिंह रघुवंशी के जिलाध्यक्ष एवं अन्य शिक्षकों के पदाधिकारी निर्वाचित होने पर शिक्षक साथियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। संगठन ने उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर नारायण सिंह रघुवंशी ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं शिक्षक साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे शिक्षकों की समस्याओं और संगठन के हितों को लेकर पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। साथ ही नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि संगठन जिले में शिक्षकों की समस्याओं और हितों से हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगा।

मोहर छठ पर घाटों पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को शाम के समय पारासरी नदी के पचमा बायपास एवं शीतला माता मंदिर घाट और बेतवा नदी के रिपटा घाट, गंज घाट पर मोहर छठ के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। इन श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के नवविवाहित युवक युवतियों के मोर मुकुट का विसर्जन किया। ज्ञात हो कि मोहर छठ, जिसे मोरयाई छठ या सूर्य षष्ठी भी कहा जाता है,भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। यह सूर्य देव को समर्पित एक विशेष व्रत है। इस दिन नवविवाहित वर वधुओं के परिजन विवाह के मोर-मुकुट का नदी में विसर्जन करते हैं। इसी कारण बेतवा, पारासरी सहित विभिन्न नदियों और जलाशयों पर मोर विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं की भीड लगी रही।



अधिकारी कर रहे न्यायालय के आदेश की अवेहलना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा कि शासन मे बेठे कुछ अधिकारी अध्यापको के साथ भेदभाव कर रहे है उनकी मंशा अध्यापको के प्रति नकारात्मक है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा TET परिक्षा को लेकर जो निर्णय दिया गया था उसके विरूद्ध स्कूल शिक्षा बिभाग की उपसचिव मंजूसा राय द्वारा केबल अध्यापको की परिक्षा लेने का आदेश 15/09/2029 को जारी कर दिया गया, जबकि न्यायालय द्वारा जिन शिक्षको के 5 वर्ष बचे है उनको छोडकर सभी कि परीक्षा लेने के आदेश दिए थे। ये आदेश कि केबल अध्यापकों की ही परीक्षा हो पूर्णतया गलत है। संगठन मंजूसा राय के बिरूद्ध न्यायालय जायेगा और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना अध्यापको के साथ भेदभाव के बारे मे न्यायालय को अवगत करायेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अध्यापक अभी भी समझ जाये शासन और शासन के समर्थित संगठन हमारे कितने हितेषी हैं। हमारे कई साथी उन संगठनो मे पदाधिकारी बने हुए है उन्हे अध्यापको के जीवन से खिलवाड करने वाले संगठनो से तत्काल किनारा करना चाहिए, शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि शासन द्वारा अध्यापको को किस तरह भ्रमित किया जा रहा है इसका ताजा उदाहरण 19/09/2026 को जारी आदेश है। जबकि 15/09/2026 के आदेश का ही सयुक्त मोर्चा ने विरोध किया तो बाद में आयुक्त लोक शिक्षण से आदेश जारी हुआ,जिसमे फार्म भरने की दिनांक बढाने के साथ यह भी बताया गया कि सहायक शिक्षक, शिक्षको की भी परिक्षा होगी। लेकिन यह समझ से परे है। अमरसिंह तोमर, संजीव रघुवंशी ने सभी अध्यापको से आव्हान करते हुए कहा कि बह अध्यापक संगठनो के साथ खडे हो नही तो पूर्व की तरह इस बार भी धोखा ही मिलेगा। राकेश दुबे, जगदीश यादव, मनोहर दुबे, परमानंद डेहरिया, राकेश नायक ने एक स्वर मे अध्यापको को भरोसा दिया है कि विश्वाश रखें आपका हम कोई अहित नही होने देगे।

आदिनाथ जिनालय में 48 दीपों से हुआ भक्तांबर पाठ

जीवन को सादगी, सच्चाई से जीना उत्तम आर्जव धर्म है



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की पूजन और आराधना की जाती है। गांधी चौक स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म आराधना कर पुण्य का संचय कर रहे हैं। सकल जैन समाज के महामंत्री पवन जैन ने बताया कि प्रतिदिन आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गांधी चौक में भगवान का नित्य अभिषेक और पूजन बड़े ही भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। वहीं प्रतिदिन दोपहर में तत्त्वार्थ सूत्र ग्रंथ का वाचन महिला मंडल द्वारा सामूहिक रूप से किया जा रहा है। वहीं शाम को संगीतमय महा आरती के उपरान्त दस लक्षण धर्म पर आधारित स्वाध्याय किया जाता है। एवं आरती के उपरान्त भक्तांबर के 48 काव्यों का पाठ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वीर सागर पाठशाला की बहिनों द्वारा प्रतिदिन मंदिर में सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें 18 सितंबर को धार्मिक अन्ताक्षरी का आयोजन किया गया। वहीं धर्म चर्चा में पर्यूषण पर्व के दस धर्मों में से उत्तम आर्जव धर्म का महत्व समझाया गया। आर्जव धर्म हमें सिखाता है कि हमने अपने मन में जैसा विचार किया है , वैसा ही दूसरों से कहना चाहिए और वैसा ही कार्य भी किया जाना चाहिए। इस प्रकार से मन - वचन- काय की सरल प्रवृत्ति का नाम ही आर्जव धर्म है। जो मनुष्य कुटिलता या मायावी जीवन जीते हैं, उनके व्रत और तप सब निरर्थक हैं। जहां पर कुटिल परिणाम का त्याग कर दिया जाता है ,वहीं पर आर्जव धर्म प्रगट होता है। मुनि प्रमाण सागर महाराज ने पूर्व में उत्तम आर्जव धर्म को समझाते कहा था कि आज का युग तकनीकी तीव्रता, सामाजिक प्रतिस्पर्धा और व्यक्तित्व के दोहरेपन से ग्रस्त है। इंसान जितना अधिक बाहरी चमक-दमक में उलझा है, उतना ही वह आंतरिक रूप से उलझा हुआ, थका और खोखला होता जा रहा है। हर कोई दिखने में व्यस्त है, होने में नहीं। ऐसे समय में उत्तम आर्जव धर्म अर्थात सरलता और निष्कपटता का धर्म हमारे जीवन की सबसे गूढ़ आवश्यकता बन गया है। उत्तम आर्जव धर्म हमें स्वयं के साथ ईमानदार होने का पाठ पढ़ाता है। जब व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और कर्मों में एकरूप होता है, तब ही वह शांति और स्थायित्व पा सकता है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत एलबीएस कॉलेज के स्टॉफ व विद्यार्थियों ने ली अंगदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न जनसेवा एवं जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। सेवा संकल्प अभियान के अवसर पर एलबीएस कॉलेज में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टॉफ को अंगदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जन अभियान परिषद द्वारा अंगदान के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मृत्यु के बाद किसी के शरीर का हिस्सा किसी अन्य व्यक्ति के रूप में जीवित रहता है तो मानवता के लिए सबसे बड़ा उपहार है। इच्छुक विद्यार्थियों एवं स्टाफ को अंगदान संकल्प प्रपत्र भरने के लिए उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था मां शीतला ह्यूमन डेवलपमेंट सोसाइटी के प्रमुख हजारीलाल पाटस्कर, श्याम शाक्य, परामर्शदाता जगदीश प्रसाद साहू, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, उप प्राचार्य मनीष छंचार, डॉ मनोज सक्सेना, मोहन सिंह गुर्जर, पूनम तिवारी, मंजू जैन, वेद प्रकाश सोनी, रुबीना ठाकुर, दिनकर कद्रे सहित महाविद्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में अंगदान के प्रति समाज सेवा की भावना व जन जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार नवांकुर संस्था प्रमुख हजारीलाल पाटस्कर द्वारा व्यक्त किया गया।

देर तक लगा जाम

गंजबासौदा। नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर प्रतिदिन देर तक जाम लगता है। जिससे यहां के रहवासियों, दुकानदारों, राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को शाम के समय जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

न्यायालय :- सुश्री पूजा गोले, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड गंजबासौदा तहसील, गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र.
प्रो. क्रमांक 4571/2026
प्र. क्र. 57/2026/MJC
गंजबासौदा दिनांक 12/09/2026
:- उपस्थित होने वास्ते नोटिस :-
1. अमीर खां ..... आवेदक
बनाम
1 तहसीलदार गंजबासौदा आदि
..... अनावेदकगण
बनाम :- सर्वसाधारण
सूचित किया जाता है कि आवेदक अमीर खां की मॉ वतुलन पत्नि कल्लू खां निवासी ग्राम उदयपुर तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा की मृत्यु दिनांक 06.11.2010 को ग्राम उदयपुर में हुयी थी। आवेदक की मॉ का मृत्यु प्रमाण पत्र न होने से कृषि एवं अन्य बैंक संबंधी कार्य व कागजात में अत्यधिक परेशानी हो रही है। इस कारण आवेदक को अपनी मॉ का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाना आवश्यक हो गया है। इस हेतु आवेदक ने अंतर्गत धारा 13 (3) जन्म मृत्यु पंजीयन अधिनियम के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र को प्रस्तुत किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वंय अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 22/09/2026 को अपना पक्ष का समर्थन करने हेतु उपस्थित रहे। नियत दिनांक 22/09/2026 को आपके उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जावेगा। यदि उक्त दिनांक को न्यायालय में किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण आगामी दिनांक को सुनवाई में लिया जावेगा। आज दिनांक 12/9/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।
सुश्री पूजा गोले
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र.

ईदगाह परिसर में दीप जलाने को लेकर विवाद, मुस्लिम समाज ने जताई नाराजगी

विवाद के बाद भी कायम रही सिरोंज की गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे से मामला शांत

थाना प्रभारी की सक्रियता से दोनों पक्षों में बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज



सीएमओ, शहर काजी और शाही इमाम ने कायम रखा शहर का सौहार्द

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर की रात नगर पालिका प्रशासन द्वारा ईदगाह परिसर में दीप जलाए जाने को लेकर शुक्रवार को विवाद की स्थिति बन गई। ईदगाह परिसर में बिना प्रबंध कमेटी की अनुमति के दीप जलाए जाने की जानकारी सामने आने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों में नाराजगी देखी गई और बड़ी संख्या में समाजजन पुलिस थाने पहुंचे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुंदेला ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बातचीत कराई। वहीं नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने भी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों के सामने खेद व्यक्त किया। इसके बाद दोनों पक्षों की समझाइश और आपसी समन्वय से मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार 17 सितंबर की रात करीब 7 बजे नगर पालिका प्रशासन द्वारा ईदगाह परिसर में दीप जलाए गए थे। इसको लेकर जामा मस्जिद कमेटी द्वारा शुक्रवार को थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुंदेला को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी की उपस्थिति में नगरपालिका कर्मचारियों एवं अन्य लोगों के माध्यम से ईदगाह परिसर में प्रबंध कमेटी की अनुमति के बिना दीप जलाए गए, जिससे मुस्लिम समाज में आक्रोश है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सिरोंज शहर आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है। धार्मिक स्थलों से जुड़े किसी भी कार्य को संबंधित प्रबंध कमेटी की जानकारी एवं अनुमति के बाद किया जाना चाहिए, ताकि समाज में किसी प्रकार का गलत संदेश न जाए। कमेटी ने ईदगाह परिसर में बिना अनुमति दीप जलाने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की।

सीएमओ ने थाने पहुंचकर जताया खेद

मामले को शांत कराने के लिए नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू स्वयं पुलिस थाने पहुंचे और मुस्लिम समाजजनो के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार शहर के धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई कर उन्हें सुंदर बनाने तथा धार्मिक स्थानों पर दीप जलाने का कार्य नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा था। इसी क्रम में ईदगाह परिसर में भी दीप जलाए गए। सीएमओ ने कहा कि उनसे यह चूक हुई कि ईदगाह परिसर में दीप जलाने से पहले मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों अथवा प्रबंध कमेटी से चर्चा नहीं की जा सकी। उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त करते हुए समाजजनों से माफी मांगी और कहा कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यों को लेकर संबंधित समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रबंध कमेटी से समन्वय किया जाएगा।

दोनों पक्षों की बातचीत से बनी सहमति

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुंदेला ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बातचीत कराई। इस दौरान शहर काजी अब्दुल रसीद खान, मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नेता शोएब खान, शाही इमाम जामा मस्जिद नूर उद्दीन सहित अन्य समाजजन मौजूद रहे। वरिष्ठजनों ने शहर की आपसी हिन्दू-मुस्लिम एकता, भाईचारे और सौहार्द को बनाए रखने पर जोर दिया। सीएमओ द्वारा खेद व्यक्त किए जाने के बाद समाजजनों ने भी आपसी समन्वय से मामले को शांत कराया। थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुंदेला की समझाइश एवं दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत के बाद विवाद की स्थिति समाप्त हुई। इस दौरान शहर की शांति, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने पर सभी ने सहमति जताई।

जटाशंकर धाम पर धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती, हुए भंडारे

सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष एवं पत्रकारों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

नगर के भोपाल रोड स्थित प्रसिद्ध जटाशंकर धाम पर भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं सहित श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान गणेश पूजन, भगवान विश्वकर्मा जी का अभिषेक, कथा वाचन, हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम की शुरुआत सुबह शुभ मुहूर्त में पंडितों द्वारा विधि-विधान से श्री गणेश पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात भगवान श्री विश्वकर्मा जी का अभिषेक एवं पूजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान समाजबंधुओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर भगवान विश्वकर्मा से परिवार, समाज एवं क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। अभिषेक के बाद भगवान विश्वकर्मा की कथा का आयोजन किया गया। कथा वाचन के दौरान भगवान विश्वकर्मा के सृष्टि निर्माण में योगदान, वास्तुकला एवं शिल्पकला में उनके अद्वितीय कौशल तथा उनके जीवन से मिलने वाली प्रेरणाओं पर प्रकाश डाला गया। कथा के उपरांत हवन-पूजन का आयोजन किया गया। हवन कुंड में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर विश्व शांति, समाज की उन्नति और देश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूरा जटाशंकर धाम परिसर धार्मिक वातावरण से सराबोर रहा और भगवान श्री विश्वकर्मा के जयकारों से गूंजता रहा।

सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष एवं पत्रकारों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विश्वकर्मा समाज द्वारा सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों तथा स्थानीय पत्रकार बंधुओं का भी सम्मान किया गया। समाज की ओर से अतिथियों एवं पत्रकारों को शाल, श्रीफल एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी समाजसेवा के माध्यम से लोगों को जोड़ने और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं पत्रकार समाज की गतिविधियों और जनसमस्याओं को प्रमुखता से सामने लाकर समाज एवं प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। वही विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रामगोपाल विश्वकर्मा ने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा को शिल्प, निर्माण और वास्तुकला का आदर्श माना जाता है। उनके जीवन से हमें मेहनत, रचनात्मकता और हुनर का महत्व सीखने की प्रेरणा मिलती है। समाज को चाहिए कि वह आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान और हुनर से भी जोड़ने का प्रयास करे, ताकि युवा आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सकें।

समाज की एकता और परंपराओं को आगे बढ़ाने की जरूरत

वरिष्ठ पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें श्रम, कौशल, निर्माण और रचनात्मकता का सम्मान करने की प्रेरणा देता है। भगवान विश्वकर्मा ने अपनी कला और शिल्प के माध्यम से निर्माण की परंपरा को नई दिशा दी। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ तकनीकी एवं व्यावहारिक कौशल से जोड़ें। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और आपसी सहयोग से ही समाज को मजबूत बनाया जा सकता है। हमें अपनी संस्कृति,परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चों एवं युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

पूजन-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान जटाशंकर धाम परिसर में पूरे दिन श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। समाजबंधुओं ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा,विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष रामगोपाल विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, नीरज विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

मकरोनिया भविष्य की जरूरतों के हिसाब से कर रहा विकासः लारिया

जनविश्वास शिविर का उद्देश्य योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना : कलेक्टर पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत मकरोनिया नगर पालिका के बजरिया हाट बाजार में खंडस्तरीय जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। ग्राम गंभीरिया के परिवारों ने धारणाधिकार योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की थी। जांच में प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर के निर्देश पर हल्का नंबर 16/76, तहसील सागर नगर के पटवारी राशिद खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मकरोनिया का तेजी से विकास हो रहा है। नगर पालिका क्षेत्र में 40 करोड़ रुपए की सड़कें स्वीकृत हैं, जिनका निर्माण जल्द शुरू होगा। मकरोनिया-बंडा रोड पर फ्लाईओवर का निर्माण भी शीघ्र प्रारंभ होगा। उन्होंने अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि जनविश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना और समस्याओं का मौके पर निराकरण करना है। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि पट्टे सहित अन्य योजनाओं के आवेदन प्राप्त किए गए। पात्र हितग्राहियों को सर्वे के बाद लाभ दिया जाएगा।

कलेक्टर ने मकरोनिया अस्पताल का निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली और ऑपरेशन थिएटर 15 दिन में शुरू करने के निर्देश दिए। एएनसी विंग में लापरवाही मिलने पर स्टाफ नर्स और गायनेकोलॉजिस्ट को नोटिस जारी किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे ने स्टॉलों का निरीक्षण किया।



सैकड़ों दीपों से जगमगाया पीजी कॉलेज सेवा संकल्प अभियान का हुआ शुभारंभ

गढ़ाकोटा। शासकीय पीजी कॉलेज गढ़ाकोटा में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती की अध्यक्षता में सैकड़ों दीप प्रज्वलित कर एक माह तक चलने वाले अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभियान की नोडल अधिकारी सुश्री मधुलता कोरी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आकाश सेन ने किया। अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य जनसेवा, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा अधिक से अधिक नागरिकों को सेवा और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना है। विद्यार्थियों को नवाचार और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता

देवरी। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरी में ''भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 16 सितम्बर बुधवार को हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परम्परा में हिन्दी भाषा एवं साहित्य की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आनंद वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को कराया गया गुणवत्तापूर्ण भोजन



सागर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम सागर आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार आज 18 सितंबर को दोपहर 12 बजे आनंद वृद्धाश्रम, नए बस स्टैंड के पास, वार्ड तिली, सागर में नगर पालिक निगम सागर की दीनदयाल रसोई योजना के माध्यम से वृद्धाश्रम में निवासरत समस्त वृद्धजनों एवं स्टाफ के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था की गई। इस दौरान वृद्धजनों को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया तथा उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। नगर निगम द्वारा सेवा एवं जनकल्याण की भावना के साथ ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जा रहे हैं।

नवविवाहित जोड़ों ने मानसरोवर तालाब में किया मोहर विसर्जन

ग्यारसपुर। मोहर छठ के पावन अवसर पर ग्यारसपुर के ऐतिहासिक मानसरोवर तालाब में नवविवाहित दूल्हा-दुल्हनों की चहल-पहल देखने को मिली। इसी वर्ष विवाह के बंधन में बंधे नगर के कई नवविवाहित जोड़े अपने परिवारजनों और रिश्तेदारों के साथ मोहर विसर्जन के लिए मानसरोवर तालाब पहुंचे। पारंपरिक रीति-रिवाज और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दूल्हा-दुल्हनों ने विधि-विधान से अपना मोहर विसर्जित किया। इस दौरान परिजनों ने नवदंपतियों के सुखी वैवाहिक जीवन और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। ऐतिहासिक मानसरोवर तालाब पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही और धार्मिक वातावरण नजर आया।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर विधायक ने पार्क के विकास के लिए दिए 2 लाख रु.

आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर हुआ दीप प्रज्वलन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के अंतर्गत कुरवाई में विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने बेतवा घाट पर दीप प्रज्वलित कर माँ वेत्रवती की आरती-पूजन एवं चुनरी अर्पण की। इसके पश्चात श्री मुरलीधर मंदिर, बस स्टैंड, राजमाता विजय राजे सिंधिया तिराहा एवं सांदीपनि विद्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रमों में सहभागिता की। बस स्टैंड पर वृद्ध पेंशनर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी विधायक सप्रे शामिल हुए। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर विधायक सप्रे का नवाचार भी देखने को मिला। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए 2 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराने के संबंध में नगर परिषद सीएमओ को पत्र सौंपा। विधायक सप्रे ने राशि का उपयोग पार्क के विकास कार्यों में किए जाने की बात कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

पौआनाला गांव में उद्यम संवाद में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने हितग्राहियों से जाना स्वरोजगार का अनुभव

योजनाओं से रोजगार के अवसर बढ़े, ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शासकीय माध्यमिक शाला पौआनाला में उद्यम संवाद आयोजित किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़े हितग्राहियों और उद्यमियों से सीधा संवाद कर उनके व्यवसाय, आर्थिक सहायता, आय में बदलाव और सामने आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

हितग्राहियों ने बताया कि शासकीय योजनाओं से मिली आर्थिक सहायता, बैंकिंग सुविधाओं और विभागीय मार्गदर्शन से उन्होंने रोजगार शुरू किया। संवाद में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं और इच्छुक हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति, एमएसएमई प्रोत्साहन, पीएम विश्वकर्मा, संत रविदास, भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण, प्रधानमंत्री मुद्रा और पशुपालन विभाग की स्वरोजगार योजनाएं शामिल रहीं। अधिकारियों ने पात्रता, आवेदन, बैंक ऋण और अनुदान की प्रक्रिया समझाई।

युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर

योजना, गौसेवक, बैंक सखी, कस्टम हायरिंग और स्व-सहायता समूहों से जुड़े उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। महिलाओं ने समूहों के माध्यम से परिवार की आय बढ़ाने की जानकारी भी दी। संवाद के दौरान उद्यमियों की समस्याएं संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखी गईं, जिनमें कई का मौके पर ही निराकरण किया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उद्यमियों को आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सुरभि तिवारी, एसडीएम मनीष जैन, लीड बैंक अधिकारी बीएस बघेल, जीएमडीआईसी जयंती सहित अधिकारी, ग्रामीण और हितग्राही मौजूद रहे।

नवविवाहित जोड़ों ने मानसरोवर तालाब में किया मोहर विसर्जन

ग्यारसपुर। मोहर छठ के पावन अवसर पर ग्यारसपुर के ऐतिहासिक मानसरोवर तालाब में नवविवाहित दूल्हा-दुल्हनों की चहल-पहल देखने को मिली। इसी वर्ष विवाह के बंधन में बंधे नगर के कई नवविवाहित जोड़े अपने परिवारजनों और रिश्तेदारों के साथ मोहर विसर्जन के लिए मानसरोवर तालाब पहुंचे। पारंपरिक रीति-रिवाज और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दूल्हा-दुल्हनों ने विधि-विधान से अपना मोहर विसर्जित किया। इस दौरान परिजनों ने नवदंपतियों के सुखी वैवाहिक जीवन और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। ऐतिहासिक मानसरोवर तालाब पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही और धार्मिक वातावरण नजर आया।

वन विभाग ने 1 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे

शमशाबाद। पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने के उद्देश्य से वन विभाग ने सेवा संकल्प अभियान शुरू किया। वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में उप वनमंडल अधिकारी प्रशांत सकरे और प्रशिक्षु भा.व.से. अधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी हेमंत प्रताप सिंह ने जामुन, इमली, नीम और अमरूद के पौधे रोपे। अभियान के तहत शमशाबाद परिक्षेत्र में 1000 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य है। आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों, पंचायत भवनों सहित सार्वजनिक परिसरों में फलदार, छायादार व स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की सहभागिता से पौधों की सुरक्षा व देखभाल सुनिश्चित की जाएगी।

दीप जलाकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

74 बूथों पर हुआ कार्यक्रम, मानसरोवर तालाब और राम-जानकी मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर जले दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्यारसपुर मंडल के सभी 74 पोलिंग बूथों पर हर्षोल्लास के साथ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ग्यारसपुर मुख्यालय पर मंडल स्तरीय कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, एसडीएम शशि मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक शामिल हुए।मानसरोवर तालाब, राम-जानकी मंदिर, बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों दीप जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की प्रगति, उन्नति और विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं तथा 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं।कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता प्रताप सिंह रघुवंशी, बाबूलाल कुशवाह, मुकेश सोनी, स्वदीप रघुवंशी,अजब सिंह राजपूत पंचायत इंस्पेक्टर महेश कुशवाह महेश शर्मा, अंकित अंकरे आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक रेखा वर्मा, सचिव नरसिंह दास बैरागी समूह की महिलाएं पिंकी सुर्यवशी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

16 सूत्रीय मांगों को लेकर सचिवों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



अपनी लंबे समय से लंबित 16 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर ग्यारसपुर जनपद पंचायत की 71 ग्राम पंचायतों के सचिवों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम जनपद पंचायत सीईओ जितेंद्र जैन को ज्ञापन सौंपा।

पंचायत सचिवों ने शासन से उनकी जायज एवं पुरानी मांगों का शीघ्र नियम अनुसार निराकरण किए जाने की मांग की।ज्ञापन में पंचायत सचिवों ने कहा कि संगठन की मांगों को लेकर शासन द्वारा जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर के पंचायत सचिव अपने न्यायोचित, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों के तहत चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। आवश्यकता पड़ने पर संगठन द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल सहित व्यापक आंदोलन का निर्णय भी लिया जा सकता है।सचिवों ने शासन से अपेक्षा जताई कि उनकी 16 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र गंभीरता से विचार करते हुए नियमानुसार समाधान किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वीराज मीणा सहित ग्यारसपुर जनपद क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के सचिव मौजूद रहे।

नाम संशोधन सूचना

मैं स्वस्ति जैन पिता का नाम श्री हेमंत जैन, आयु 18 वर्ष, माता का नाम- श्रीमती दीप्ति जैन, निवासी-131, फ्लेट नं. 5 बी-1 शीतल नगर बैरसिया रोड, भोपाल (म.प्र.) की निवासी होकर सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मेरी माताजी श्रीमती दीप्ति जैन ने मेरे नाम से LIC पॉलिसी नं. 353746072 ली गई थी, जिस पॉलिसी में मेरा घर का नाम नोनी जैन लिखा गया गया था एवं मेरे स्कूल रिकार्ड में एवं सभी दस्तावेजों मेरा नाम स्वस्ति जैन लिखा है, तथा मेरी जन्म तिथि उक्त पॉलिसी में दिनांक 17.9.2007 लिखी गई हैं, जो गलत है। जबकि मेरी सही जन्मतिथि 17.4.2008 है, जो मेरे सभी दस्तावेजों, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अंक सूचियों में दर्ज है। नोनी जैन एवं स्वस्ति जैन दोनों ही नाम की मैं एक ही महिला हूं। मेरा सही नाम स्वस्ति जैन एवं जन्मतिथि 17.4.2008 उक्त पॉलिसी में सुधार किये जाने हेतु यह सूचना प्रकाशित कराई जा रही है।

खबर संक्षेप




सिंघोरी में सागौन से भरी कार पकड़ी

बाड़ी। वन मंडल औबेदुल्लागंज के अंतर्गत सिंघोरी अभयारण्य वन परिक्षेत्र बाड़ी में अवैध लकड़ी के परिवहन एवं संग्रहण की सूचना पर वन विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। वनमंडलाधिकारी के निर्देशन एवं अधीक्षक सिंघोरी अभयारण्य के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी बाड़ी के नेतृत्व में बाड़ी, बम्होरी, विनेका, सुल्तानपुर एवं चिलवाहा के वन अमले की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस थाना बाड़ी को सूचना देकर पुलिस बल के साथ सिंधी कैंप बाड़ी निवासी द्वारेश उर्फ गुलाब सिंह (चूचा), सुरेश उर्फ गुलाब सिंह एवं बग्गा उर्फ थाकन सिंह के घर पर तलाशी वारंट के साथ छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मौके से अवैध रूप से परिवहन की जा रही सागौन की 20 नग लकड़ी कुल 0.378 घनमीटर तथा कार जब्त की गई। वन विभाग के अनुसार कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने स्टाफ पर पथराव किया और छत से कूदकर फरार हो गए। वन अमले ने जब्त लकड़ी एवं वाहन को वन परिक्षेत्र कार्यालय लाकर प्रकरण पंजीबद्ध किया तथा नियमानुसार कार्रवाई शुरू की। जब्त सागौन की अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये बताई गई है।

डॉ. शरदचंद्र शर्मा के निधन से शोक

बाड़ी। करीब पांच दशक पूर्व इंदौर से बाड़ी आए शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शरदचंद्र शर्मा ने अपनी चिकित्सकीय सेवाओं से



नगर और आसपास के क्षेत्र में अलग पहचान बनाई। उस दौर में सीमित चिकित्सा सुविधाओं के बीच उन्होंने मरीजों का उपचार करने के साथ ही उनसे आत्मीय रिश्ता कायम किया। मरीज उनके लिए केवल उपचार कराने वाले लोग नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा बन गए थे। जरूरत पड़ने पर वे आधी रात को भी मरीजों के घर पहुंचकर सेवा करते थे। डॉ. शर्मा चिकित्सा के साथ सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहे। वे श्री हिंदू उत्सव समिति के संरक्षण सदस्य रहे तथा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष भी रहे।कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे डॉ. शर्मा भोपाल में परिवार के साथ निवास कर रहे थे।

पटवारियों के विरोध से स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री अटकी

450 पटवारियों ने दूसरे दिन भी नहीं किया काम, ई-केवाईसी और रजिस्ट्री प्रक्रिया ठप

रिकॉर्ड सत्यापन तक जिम्मेदारी मंजूर, विक्रेता बनकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि का मालिकाना हक दिलाने के लिए शुरू की गई स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना को रायसेन जिले में पटवारियों के विरोध ने दूसरे दिन भी झटका दिया। जिले के करीब 450 पटवारियों ने योजना के तहत रजिस्ट्री और ई-केवाईसी का काम नहीं किया। 17 सितंबर से शुरू हुआ अभियान शुक्रवार को दूसरे दिन भी प्रभावित रहा। पटवारियों का कहना है कि वे जमीन के रिकॉर्ड का सत्यापन और ई-केवाईसी करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्हें विक्रेता या निष्पादक की भूमिका में रखकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराना स्वीकार नहीं है। प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से ग्रामीण आबादी भूमि के अधिकार अभिलेख तैयार करने और पंजीयन का अभियान शुरू किया है। 17 से 19 सितंबर तक ग्रामीण संपत्तियों की मुफ्त रजिस्ट्री किए जाने की योजना है। रायसेन जिले में 1475 गांवों में ड्रोन सर्वे के बाद आबादी भूमि का रिकॉर्ड तैयार किया जा चुका है। योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि पर वैधानिक मालिकाना हक दिलाना है।

मप्र पटवारी संघ की रायसेन जिला इकाई के अध्यक्ष गोविंद चौधरी का कहना है कि शासन की व्यवस्था में पटवारी को योजना में सीधे निष्पादक यानी रजिस्ट्रीकर्ता की भूमिका दी जा रही है। जबकि पटवारी का मूल काम राजस्व रिकॉर्ड का सत्यापन, जांच और ई-केवाईसी करना है। आबादी भूमि के अधिकार अभिलेख पहले से दर्ज नामों के आधार पर तैयार किए गए हैं, ऐसे में भविष्य में जमीन के स्वामित्व को लेकर विवाद खड़ा हुआ तो दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने वाले पटवारी की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ सकती है। अध्यक्ष गोविंद चौधरी का तर्क है कि किसी जमीन पर भविष्य में उत्तराधिकार, बिक्री, कब्जे या स्वामित्व को लेकर विवाद हुआ तो संबंधित दस्तावेज में हस्ताक्षर करने वाले कर्मचारी को भी कानूनी प्रक्रिया में पक्षकार बनाया जा सकता है।

अधिकारी बोले- शासन के निर्देश के बाद होगी कार्रवाई

सहायक भू-अभिलेख अधीक्षक योगेश्वर सिंह भारती के अनुसार जिला पटवारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। मामले में शासन स्तर से निर्देश मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पटवारियों के काम नहीं करने से योजना के तहत होने वाली ई-केवाईसी और पंजीयन प्रक्रिया प्रभावित हुई है। योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को आबादी भूमि का अधिकार देना है, लेकिन पटवारियों की भूमिका और कानूनी जिम्मेदारी को लेकर उठे सवालों ने प्रशासन के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। अब नजर इस बात पर है कि शासन पटवारियों की आपत्ति पर क्या निर्णय लेता है और जिले में अटकी प्रक्रिया कब दोबारा शुरू होती है।

हल्के में पहुंचे, एप पर नहीं किया काम

पटवारी संघ प्रदेश इकाई के आह्वान पर 17 सितंबर को जिले के पटवारी अपने-अपने हल्कों में पहुंचे। लेकिन उन्होंने स्वामित्व योजना के ऐप पर काम नहीं किया। इससे योजना की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। पटवारियों ने पहले कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय को ज्ञापन सौंपकर अपनी भूमिका स्पष्ट करने की मांग की। पटवारियों का कहना है कि वे शासन की योजना के खिलाफ नहीं हैं। उनका विरोध केवल उस प्रक्रिया को लेकर है। जिसमें उन्हें ऐसे दस्तावेजों का निष्पादनकर्ता बनाया जा रहा है, जिनके आधार पर भविष्य में संपत्ति संबंधी विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। संघ ने शासन से पटवारी की भूमिका स्पष्ट करने और केवल सत्यापन व ई-केवाईसी तक जिम्मेदारी सीमित रखने की मांग की है।

मां अस्पताल में ड्यूटी पर गई थी

बेटी ने दोस्त के साथ मिलकर घर से 10 लाख के गहने चुराए

रायसेन/दीवानगंज। जिले की पुलिस चौकी दीवानगंज में घर से करीब 10 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने के मामले का सलामतपुर थाना पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। चोरी किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं।बल्कि फरियादिया की 23 वर्षीय बेटी ने अपने पुरुष मित्र के साथ मिलजुल कर की थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिला की पहचान की और सुखी सेवनिया स्थित किराए के मकान से दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी हुआ पूरा मशरूका बरामद कर लिया गया। एसपी आशुतोष गुप्ता के अनुसार दीवानगंज निवासी कमला बाई डागौर 16 सितंबर की सुबह करीब 7.45 बजे अपने बेटे के साथ शासकीय अस्पताल में साफ-सफाई की ड्यूटी पर गई थीं। घर में ताला लगा था। ड्यूटी खत्म होने के बाद जब वे घर लौटीं तो मुख्य गेट पर ताला लगा मिला। ताला खोलकर अंदर पहुंचीं तो बेडरूम में पलंग की चादर पर पैरों के निशान दिखाई दिए। घर का पिछला गेट खुला था। रेक पर रखे टीन के डिब्बे का ढक्कन भी खुला मिला। लेकिन उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब थे।

इनकी रही भूमिका

चोरी की इस वारदात का खुलासा करने वाली टीम में थाना प्रभारी श्यामराज सिंह, चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, सउनि आरके उइके, सउनि मोहन यादव, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी, आरक्षक संदीप रघुवंशी, पारितोष पटेरिया, रोहित गोस्वामी और आकाश उइके शामिल रहे।



सीसीटीवी कैमरे ने खोला चोरी का राज

फरियादी की रिपोर्ट पर सलामतपुर थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में एक संदिग्ध महिला नजर आई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर उसकी पहचान कराई तो वह फरियादिया की बेटी सृष्टि डागौर उम्र 23 वर्ष ही निकली। इसके बाद पुलिस ने सृष्टि के संबंध में जानकारी जुटाई। पता चला कि वह सुखी सेवनिया में किराए के मकान में रह रही है। पुलिस टीम ने तत्काल वहां दबिश दी। मकान में सृष्टि अपने पुरुष मित्र कार्तिक मेहर के साथ मिली। पुलिस ने दोनों से चोरी के संबंध में पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना में शामिल होना स्वीकार किया।

झुमकी से लेकर कमरबंद तक बरामदपुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने और चांदी के सभी आभूषण बरामद कर लिए। इनमें सोने की दो झुमकी, कान की कनछिड़ी, दो सोने की चेन, दो अंगूठियां, मंगलसूत्र, नाक की लौंग, दो कान की बाली व टॉप्स शामिल हैं। इसके अलावा चांदी के लच्छे, कमरबंद, पैरों की कड़ियां, पायल, चूड़ियां, बिछिया और हाथफूल सहित अन्य आभूषण भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने बरामद मशरूके की कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई है।

दोनों आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने मामले में सृष्टि डागौर (23), निवासी दीवानगंज और कार्तिक मेहर (25) निवासी ग्राम जमुनिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों से चोरी की घटना से जुड़े अन्य पहलुओं को लेकर पूछताछ कर रही है।

कॉलेज में रात्रि गश्त व शराबियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

छात्राओं की सुरक्षा को लेकर एबीवीपी ने उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन



शासकीय महाविद्यालय सिलवानी की छात्राओं की सुरक्षा और महाविद्यालय परिसर में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सिलवानी इकाई ने शुक्रवार को थाना प्रभारी संजीत परते को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्राओं के साथ कथित रूप से शराब के नशे में छेड़छाड़ एवं अभद्रता करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा महाविद्यालय परिसर में रात्रि के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की गई। एबीवीपी पदाधिकारियों ने ज्ञापन में बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के साथ शराबियों द्वारा छेड़छाड़ एवं अभद्रता किए जाने की घटनाओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में रात्रि के समय शराब की बोतलें मिलने और शराब सेवन से जुड़ी गतिविधियों को लेकर भी चिंता जताई गई है। संगठन का कहना है कि ऐसी घटनाओं से छात्राओं एवं अन्य विद्यार्थियों में असुरक्षा का माहौल बन रहा है।

ज्ञापन में मांग की गई कि छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। महाविद्यालय परिसर में रात्रि के समय शराब सेवन एवं अन्य गतिविधियों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो। साथ ही छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त की व्यवस्था की जाए। एबीवीपी ने महाविद्यालय के आसपास असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

जनसंवाद संस्थाओं का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान में एसडीएम ने सुनी समस्याएं


हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत एसडीएम प्रियंका भलावी द्वारा ग्राम महुआखेड़ा कला में जनसंवाद कर ग्रामीणों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में उनका निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। जनविश्वास अभियान के दौरान एसडीएम प्रियंका भलावी ने ग्राम महुआखेड़ा कला में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं शासकीय हाई स्कूल का भी भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया। उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण के दौरान पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दुकान संचालक को दिए गए। वहीं शासकीय हाई स्कूल के निरीक्षण के दौरान एसडीएम भलावी ने विद्यार्थियों से रूबरू होकर संवाद कर उन्हें पाठ भी पढ़ाया तथा प्रश्न पूछकर शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों का आईक्यू परखा। विद्यालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए प्रधानाचार्य को नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । साथ ही शाला परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार एवं केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई ओर आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश सीडीपीओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दिए गए।



सैकड़ों श्रावक संस्कार शिविर में हुए शामिल

जैन से जिन बनने का पर्व है पर्युषणः विमल सागर महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

आत्म शुद्धि का पर्व पर्यूषण पर्व प्रारंभ होने के साथ ही जैन समाज में काफी उत्साह देखा जा रहा है। साथ ही इस वर्ष जैन समाज को मुनि विमल सागर महाराज का ससंघ पावन सानिध्य प्राप्त हो रहा है। वहीं पर्युषण के दौरान आयोजित होने वाले श्रावक संस्कार शिविर मैं नगर सहित सिलवानी, गैरतगंज , बेगमगंज , सागर , बंडा, गौरझांमर सहित दूर-दूर से श्रावकों ने इस शिविर में भाग लिया है। सुबह से कार्यक्रम- प्रातः 4:00 बजे से प्रारंभ होने वाले शिविर में सामायिक ,अभिषेक, शांतिधारा एवं संगीतमय पूजन, 10 धर्मों पर मुनि संघ के प्रवचन ,प्रतिक्रयण, आचार्यभक्ति, मुनि संघ की आरती और शंका समाधान, संस्कारों पर उद्बोधन आदि धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं।

वही धर्म देशना देते हुए मुनि विमल सागर महाराज ने कहा उत्तम मार्दव धर्म जैन धर्म के दशलक्षण पर्व के दस दिनों में मनाया जाने वाला दूसरा प्रमुख धर्म है, जिसका शाब्दिक और व्यावहारिक अर्थ अभिमान, घमंड और अहंकार का त्याग करके मन में कोमलता और व्यवहार में विनम्रता लाना है। धर्म हमें सिखाता है कि जाति, कुल, रूप, ज्ञान, बल, धन या ऐश्वर्य का घमंड मनुष्य को कठोर और संकीर्ण बनाता है। मार्दव इस कठोरता को पिघलाकर आत्मा को सहज और सरल बनाता है। जीवन में बड़ों का आदर और छोटों के प्रति स्नेह का भाव रखना ही सच्ची विनम्रता है।

अहंकार का त्याग ही अपना कल्याण है-अहंकार त्यागने का अर्थ यह है कि मनुष्य अपने को दूसरों से श्रेष्ठ एवं बुद्धिमान और दूसरों को अपने से तुच्छ एवं मूर्ख समझा कर उनको अपमानित न करे, धन दौलत होने पर उसका अभिमान न करे। किसी को यह न सोचना चाहिए कि जो कुछ वह कहता है वह ठीक है। प्रत्येक को यह मानना चाहिये कि भूल उससे भी होती है। छोटे-छोटे व्यक्ति का उपहास नहीं करना चाहिए। जो मनस्वी पुरुष कुल, रूप, जाति, बुद्धि, तप, शास्त्र और शीलादि के विषय में थोड़ा सा भी घमण्ड नहीं करता उसको मार्दव धर्म होता है। आज पर्व का दूसरा दिन है। कल उत्तम क्षमा के बारे में आपने सुना, सोचा, समझा और क्षमा भाव धारण भी किया है। वैसे देखा जाए तो ये सब दस धर्म एक में ही गर्भित हो जाते हैं। एक के आने से सभी आ जाते हैं। आचार्यों ने सभी को अलग-अलग व्याख्यायित करके हमें किसी न किसी रूप में धर्म धारण करने की प्रेरणा दी है। जैसे-रोगी के रोग को दूर करने के लिए विभिन्न प्रकार से चिकित्सा की जाती है। दवा अलग-अलग अनुपात के साथ सेवन करायी जाती है।


हनुमान मंदिर में आज मनाई जाएगी राधारानी जन्माष्टमी

दीवानगंज। दीवानगंज के पास स्थित ग्राम देहरी स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में आज राधारानी जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों के अनुसार शाम 5 बजे राधा रानी का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद शाम 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक भजन संध्या एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। धार्मिक कार्यक्रम में श्री नवयुवक रामायण मंडल सेमरा द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं राधा रानी के भक्तगणों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

रायसेन जिले में अब तक 817.64 मिमी औसत बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

फिर एक्टिव हो रहा वेदर सिस्टम, लौटते मानसून से बारिश का नया दौर शुरू



शहर सहित जिले में मानसून अब अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है, लेकिन बारिश की गतिविधियां अभी जारी हैं। जिले में भी औसत से अब तक 70 फीसदी के आसपास ही बारिश दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों ने 18 सितंबर से फिर नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना जताई है। जिसके प्रभाव से लौटता मानसून बारिश का नया दौर शुरू कर सकता है। इसीलिए रायसेन शहर में कल रात में कभी तेज तो कहीं रिमझिम बारिश की झड़ी लगी रही। शुक्रवार को तीन चार बार बारिश का दौर चलता रहा। बारिश के दौरान बीच बीच में आसमान पर बादल के साथ बारिश की काली घटाएं घिर आती फिर बारिश की झड़ी लग जाती। थोड़ी देर बाद बारिश थम जाती थी। फिर आसमान से धूप खिल जाती। जिले में आगामी 48 घंटे में कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना जताई गई है। मानसून विदा होने वाला है, लेकिन जाते-जाते फिर तेवर दिखाने वाला है। मौसम विभाग ने 18 सितंबर से नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने का अलर्ट जारी किया है। इसके असर से जिले में लौटते मानसून का नया दौर शुरू होगा और अगले 48 घंटों में कहीं-कहीं तेज बारिश हो सकती है ।जिले में इस बार बारिश का कोटा अब भी अधूरा है।

बारिश में उदयपुरा सबसे आगे, गौहरगंज सबसे पीछे तहसीलवार आंकड़ों पर नजर डालें तो सबसे ज्यादा बारिश उदयपुरा में 1051.3 मिमी दर्ज की गई है। इसके बाद बेगमगंज में 1030.2 मिमी और देवरी में 948.7 मिमी पानी बरसा है। वहीं गैरतगंज में 947.2, सुल्तानपुर में 753.7, बाड़ी में 744, सिलवानी में 707, रायसेन में 684.8, बरेली में 675.2 और सबसे कम गौहरगंज

101 दीप प्रज्वलित कर किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

संकट मोचन हनुमान मंदिर पर मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर पर धार्मिक सामाजिक संस्थाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ किया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए हनुमान जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण हुआ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर धार्मिक सामाजिक संस्थाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में वार्ड नंबर 4 नगर परिषद के एल्डरमैन हरिचरण बारीवा एवं पूर्व हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष वर्तमान में कोषध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल ने सभी लोगों से आग्रह किया कि देश के प्रधानमंत्री ने कोरोना काल से लेकर देश में कई आपदाओं का सामना करना पड़ा है और प्रधानमंत्री ने बड़े सूज- बूझ से देश की रक्षा की है इन्हीं सब संकल्पना के नाते हम लोगों ने विचार कर माननीय देश के प्रधानमंत्री मोदी जी का जन्मदिन संकट मोचन हनुमान मंदिर में 108 दिए प्रज्वलित कर मनाया है। संचालन एडवोकेट संतोष राय द्वारा किया गया एवं एल्डरमैन हरिचरण बारीवा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। भाजपा नेता अवनीश पालीवाल, संजय शर्मा, राधेश्याम पालीवाल, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश बवेले, पार्षद पूरन सिंह धाकड़,अंशुल वर्मा, अंकुर चौहान, सचिन शांडिल्य ,राजू ठाकुर, एल्डरमैन हरिचरण बारीवा,संजय चक्रवर्ती, हिमकर उपाध्याय, अनिल धाकड़ ,श्याम सोलंकी, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, अनुराग सेन, प्रेम नारायण मेहरा सरपंच दीमाडा आदि मौजूद रहे।